Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to widen National Highway between Raibareli and Prayagraj in Uttar Pradesh -laid.

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): प्रयागराज से लखनऊ को जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण रायबरेली से लखनऊ तक सम्पन्न हो चुका है किन्तु रायबरेली से प्रयागराज का चौड़ीकरण (4 लेन) अभी तक सम्पन्न नही हो पाया है । देश की आजादी से पूर्व प्रयागराज, उ0प्र0 की राजधानी रहा है तथा वर्तमान में मा0 उच्च न्यायालय समेत प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के कई कार्यालयों का मुख्यालय प्रयागराज में ही स्थित है । इस नाते आम जनमानस का बड़े पैमाने पर आवागमन प्रयागराज से लखनऊ का रहता है । चौड़ीकरण (4 लेन) के अभाव में आवागमन में अत्यंत असुविधा रहती है । कृपया उक्त राजमार्ग के अवशेष बचे मार्ग रायबरेली से प्रयागराज का चौड़ीकरण (4 लेन) की स्वीकृत प्रदान करने की कृपा करें ।